UTTARAKHAND

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लोक निर्माण विभाग
नैनीताल।

☎ :05942 –235079, 233764 Fax,235079, Email: eecdnainitalpwd@rediffmail.com


पत्रांकः– 118 / 18 Mg दिनांकः– 17/01/2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल, वन प्रभाग,
नैनीताल।

विषयः– जनपद नैनीताल में एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत सतोली से कफूड़ा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.988 हेक्टेयर वनभूमि हस्तान्तरण के संबंध में (प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/9471/2015 )

संदर्भः– आन लाईन ई0डी0एस0 दिनांक 03.12.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित ई0डी0एस0 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें नोडल अधिकारी देहरादून द्वारा निम्नलिखित आपत्तियां लगायी गयी हैं, जिसकी बिन्दुवार आख्या आन लाईन कर आपको निम्नवत प्रेषित की जा रही है।

| कंस0 | ई0डी0एस0 में वर्णित बिन्दु | खण्ड का प्रतिउत्तर |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Since felling of the banj tree involve in this proposal, hence Conservator's SIR is required. Kindly upload SIR at Part 15 in Form –A, Part-II. | मार्ग में बांज वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं, जिसमें वन संरक्षक महोदय की आख्या आन लाईन फार्म–ए पार्ट–2 के पैरा–15 में अपलोड की जानी है। पार्ट–2 पर कार्यवाही आपके स्तर से की जानी है। (सुलभ संदर्भ हेतु प्रभावित बांज वृक्षों की सूची संलग्न है)। |
| 2 | Justification has not been authenticated by DFO at section D(i) in Form A, Part-I . User agency may upload justification with authenticated by DFO. | महोदय नोडल अधिकारी देहरादून द्वारा जस्टीफिकेशन के प्रपत्र में आपके हस्ताक्षर हेतु निर्देशित किया गया है। जस्टीफिकेशन प्रमाण पत्र तैयार कर तीन हार्ड प्रति में आपके हस्ताक्षर हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया हस्ताक्षर उपरान्त 2 हार्ड प्रति इस खण्ड को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि इसे आन लाईन अपलोड कर एक हार्ड प्रति नोडल अधिकारी देहरादून को प्रेषित की जा सके। |

संलग्नः– उपरोक्तानुसार 4 प्रति।

भवदीय
16/01/20
(इं. धन सिंह कुटियाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।
17/01/2020

पत्रांकः– 118 / 18 Mg दिनांकः– 17/01/2020

प्रतिलिपि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, इन्दिरा नगर फारेस्ट कालोनी, देहरादून को उक्त संदर्भित ई0डी0एस0 के कम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता तृतीय, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त से संबंधित प्रपत्र में प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल के हस्ताक्षर कराकर खण्डीय कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि इसे आन लाईन अपलोड कर प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा सके।

16/01/20
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
नैनीताल।
17/01/2020